18 डाक जीवन बीमा योजना
Postal Life Insurance Scheme

डाक जीवन बीमा योजना, केवल डाक तार विभाग के कर्मचारियों के लिए, 1 फरवरी सन् 1884 को आरंभ हुई थी, जिसे बाद में, इस जीवन बीमा की सुविधा, कम प्रीमीयम एवं अधिक लाभ प्रदत्ता की वजह से, रक्षा बिभा/रेल्वे/शासकीय/अर्द्धशासकीय/राष्ट्रीयकृत बैंकींग/पब्लिक सेक्टर आदि संस्था के कर्मचारियों को भी दी गई। इसके लिए विभागीय तौर पर क्षेत्रवार (जिलावार) विकास अधिकारियों/क्षेत्रीय अधिकारियों की नियुक्ति डाक विभाग द्वारा की जाती है। डाक जीवन बीमा में किए गए निवेश धारा 80 C के तहत (अधिकतम 1,00,000 रू. तक) छूट योग्य है एवं सभी योजनाओं से करदाताओं को प्राप्त सभी भुगतान कर मुक्त है।

योजना का नाम	योजना अवधि Min/ Max	बीमाधन Min/Max	आयु वर्षों में Min/ Max	परिपक्वता के समय अधिकतम आयु	लाभ परिपक्वता पर/सामान्य या दुर्घटना से मृत्यु	Remarks बोनस की दर/हजार	
						2004–05	2010–11
मियादी जीवनबीमा (Endowment)	14 से 41	20 हजार 10 लाख	19 से 55	60	बीमाधन + बोनस + टर्मिनल बोनस	रू. 77	रू. 70
संपूर्ण जीवनबीमा (Whole Life)	36 से 41	20 हजार 10 लाख	19 से 55	60 वर्ष की उम्र में प्रिमियम बंद	बीमाधन + टर्मिनल बोनस	रू. 96	रू. 90
परिवर्तनीय संपूर्ण बीमा	31 से 41	20 हजार 5 लाख	19 से 50	50, 55 या 58	बीमाधन + बोनस	प्रथम 5 वर्षों तक 90 परिवर्तन के पश्चात 70	
मनीबैंक पालिसी (Money Back)	15 से 20	20 हजार 5 लाख	19 से 40/45	60	बीमाधन + बोनस	रू. 75	रू. 65
युगल सुरक्षा	05 से 20	40 हजार 5 लाख	21 से 45	45	(किसी एक सहभागी की मृत्यु पर) बीमाधन + टर्मिनल बोनस	रू. 77	रू. 70
संपर्क रायपुर – R.O. - (0771) 2534161(O), 2253750(R) नगपुर – GPO (0712) 2525352, PMG (0712) 56877							

19 क्रेडिट कार्ड
Credit Card

क्रेडिट कार्ड को Plastic Money भी कहा जाता है। क्रेडिट कार्ड चार प्रकार के होतें हैं। Dinners Club, सीटी बैंक के द्वारा, VISA & MASTER CARD अन्य बैंकों (ICICI, HDFC, IDBI आदि) के द्वारा तथा American Express के द्वारा American Express जारी किए जातें हैं। क्रेडिट कार्ड की तीन श्रेणियां Platinum/Gold/Silver होती है।

1. क्रेडिट कार्ड कम से कम रू. 72000 वार्षिक आय वाले वयस्क (अधिकतम 65 वर्ष) जो जारी किया जा सकता है
2. क्रेडिट सीमा (रू. 50,000 से 2 लाख), आवेदक की 3 C's (Character, Capacity & Credit) के आधार पर तय की जाती है।
3. क्रेडिट कार्ड का चुनाव करते समय निम्न बातों का ध्यान रखें –
   i. वार्षिक फीस – प्राय: 300 से लेकर 1200 रू. तक, क्रेडिट कार्ड की सुविधाओं के अनुरूप।
   ii. ग्रेस पीरियड–प्राय: 15–45 दिन होता है, तथा ब्याज दर – 2.5% से 3% प्रतिमाह (40–45% वार्षिक)
4. क्रेडिट कार्ड के लिए प्राय: ज्वांइग फिस (100–300), वार्षिक फीस (300–1200) तथा Add-on-cards fee (150-600) वार्षिक देय होतें है। क्रेडिट कार्ड में Add-on के रूप में, एक्सीडेंट/लाईफ/बैगेज इन्श्युरेंस तथा परचेस प्रोटेक्शन कव्हर आदि होतें हैं।
5. क्रेडिट कार्ड का उपयोग प्राय: खरीदी के भुगतान के लिए किया जाता है। खरीदी के पश्चात उसकी राशि क्रेडिट कार्ड एकाउण्ट में क्रेडिट होने के बाद भुगतान हेतु प्राय: 15–45 दिन का ग्रेस पीरियड होता है। ग्रेस पीरियड के बाद भी पूरा पैसा न हो, तो Due Amount का 5% राशि देकर क्रेडिट को Forward कर सकतें हैं। इसी राशि पर (2.5 – 3%) प्रतिमाह की दर से ब्याज देना होता है। यदि क्रेडिट कार्ड से सीधे नगद राशि निकाली जाए तो 2.5% के लगभग प्रोसेसिंग चार्जेस लगतें हैं।